Jagran City, Meerut, 21/01/2026
Page No: 1, Size: 30.48cm × 28.34cm

# आपस में जुड़ेंगी शहरों की गैस पाइपलाइन

- बागपत के मवीकलां में पाइप लाइन फटने पर सीएनजी सिलेंडर से की गई थी आपूर्ति
- मेरठ से हुई शुरुआत, इंद्रप्रस्थ की लाइन से जोड़ने को बढ़ाई जा रही पाइप की लंबाई

प्रदीप द्विवेदी • जागरण

**मेरठ** : लगभग सभी शहरों में पाइप लाइन से घरेलू गैस आपूर्ति हो रही है। मान लीजिए अगर बागपत की तरह कभी मुख्य वितरण लाइन ही क्षतिग्रस्त हो जाए तो क्या होगा? परिणाम होगा ब्लैकआउट। यह स्थिति न आए इसलिए अब शहरों की पाइप लाइन को पास के शहरों की आपूर्ति लाइनों से जोड़ा जा रहा है। मेरठ से इसकी शुरुआत कर दी गई है। यहां पर गेल गैस लिमिटेड ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पाइप लाइन को दो तरफ जोड़ने के लिए विस्तार शुरू कर दिया है। एक तरफ हापुड़ और दूसरी तरफ गाजियाबाद के मोदीनगर से जोड़ा जाएगा। जल्द ही इस तरह का प्रयोग मुजफ्फरनगर, शामली समेत अन्य शहरों में शुरू हो जाएगा।

यह प्रयोग बागपत की घटना से सीख लेकर किया जा रहा है। पिछले वर्ष 16 अगस्त को बागपत के मवीकलां में मुख्य वितरण पाइप लाइन फटने पर जिले में तीन दिन तक घरेलू गैस आपूर्ति ठप हो गई थी। तब आपूर्ति सुचारू रखने के लिए मेरठ से सीएनजी वाले सिलेंडर टैंकर भेजे गए थे। उसके कारण मेरठ में चार सीएनजी स्टेशन बंद हो गए थे। उस तरह की स्थिति आने पर समस्या गहरा सकती है। इसलिए गेल कंपनी ने शहरों की पाइप लाइन आपस में जोड़ने का निर्देश दिया है। मेरठ में गेल गैस लिमिटेड जबकि हापुड़, गाजियाबाद, शामली, मुजफ्फरनगर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड तथा बागपत में एक प्राइवेट कंपनी की आपूर्ति है।

गेल गैस लिमिटेड के मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि सभी कंपनियों की पाइप लाइन जोड़ने से लाभ यह होगा कि यदि संबंधित कंपनी की मुख्य आपूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है तो पड़ोसी शहर की पाइप लाइन से आपूर्ति दी जाएगी ताकि ब्लैकआउट न हो। बार्डर पर दोनों जिलों की पाइप लाइन के बीच लगभग 50 मीटर का अंतराल रखा जाएगा। यदि आपात स्थिति आएगी तब दो घंटे में खोदाई करके संबंधित जिला उससे अपनी लाइन जोड़ लेगा।

## मवीकलां में दो स्थानों पर फटी थी पाइप लाइन

मवीकलां में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास यमुना में गेल कंपनी की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन 16 अगस्त 2025 की दोपहर करीब 12 बजे दो स्थानों पर तेज धमाके के साथ फट गई थी। कंपनी के गौना स्थित सेंटर से गैस की सप्लाई बंद की गई थी। इससे यूपी, हरियाणा व दिल्ली के कुछ हिस्सों में आपूर्ति बाधित हुई थी।